हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 2 दिसंबर 2025

04 एड्स के खिलाफ समाज में व्याप्त भ्रांतियों का...



07 1100 छात्र-छात्राओं ने श्रीमद भागवत गीता के 15वें अध्याय का...





## समाचार संक्षेप

### कलेक्ट्रेट में राष्ट्र गीत एवं राष्ट्रगान का हुआ सामूहिक गायन



**गुना।** दिसम्बर माह के प्रथम शासकीय कार्य दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्र गीत वंदे मातरम एवं राष्ट्रगान जन-गण-मन का सामूहिक गायन हुआ। वंदेमातरम् गायन में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक दुबे, संयुक्त कलेक्टर डॉ. संजीव खेमरिया, डिप्टी कलेक्टर एवं प्र. सीएमओ मंजुषा खत्री, सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को किया सम्मानित




**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा नवाचार के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्ट्रेट कार्यालय के सहायक ग्रेड 3 हेमंत शाक्यवार स्थापना शाखा, सहायक ग्रेड शिवकुमार चक्रवर्ती शिकायत शाखा एवं श्रम विभाग से डाटा एन्ट्री ऑपरेटर गोविन्द्र चौरासिया को उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक दुबे सहित अन्य अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।उल्लेखनीय हैं कि प्रति माह उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करने का नवाचार कलेक्टर द्वारा आरंभ किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर जिले को प्रदेश व देश स्तर पर अग्रणी बनाने का प्रयास करें।

### एकदिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन

**गुना।** मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा आयोजित एक दिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन 2 दिसंबर मंगलवार समय- दोपहर 1 से 4 बजे तक स्थान- हाल नंबर 7 हनुमान टेकरी गुना मे होने जा रहा है जिसमें मानव धर्म प्रणेता सदगुरु देव सतपाल महाराज के शिष्य महात्मा बर्धमाना एवं महात्मा वीरानंद जी के सभी धर्म शास्त्रों के आधार पर जीवन को सुखी और खुशहाल बनाने का साधन बताएंगे आप पधारकर लाभ प्राप्त करें।

### ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टॉफ एसोसिएशन भारतीय रेलवे के लोको पायलट की 48 घंटे के लिए भूख हड़ताल कल से

**गुना।** ऑल इण्डिया लोको रनिंग स्टॉफ एसोसिएशन भारतीय रेलवे के लोको पायलट द्वारा 48 घंटे के लिए भूख हड़ताल 2 दिसम्बर को समय 10 बजे से 4 दिसंबर 10 बजे तक रखी गई है। उनकी मांगें है कि टीए में 25% बढ़ोतरी के उपरांत माइलेज में नियमानुसार टीए के अनुपात में बढ़ोतरी किया जाए। किलोमीटर भत्ते में नियमानुसार 70% आयकर मुक्त रखा जाए। आवधिक विश्राम (PR) 16+30=46 घंटा सुनिश्चित किया जाए। ALP, LPS, LPG, LPP और LPM के लिए क्रमशः L-6, L-7, L-8, L-9 एवं 1-10 वेतनमाननिर्धारित किया जाए। मेल एक्सप्रेस 06 घंटे तथा मालगाड़ी 08 घंटे की अधिकतम ड्यूटी घंटे सुनिश्चित किया जाए। रात्रि ड्यूटी को लगातार अधिकतम दो रात्रि ड्यूटी तक सीमित किया जाए। 36 घंटे के भीतर रनिंग स्टॉफ को मुख्यालय वापस लाना सुनिश्चित किया जाए। सहायक लोको पायलट से हैंड ब्रेक लगवाना/रिलीज करवाना व FSD दुलवाना बंद किया जाए। महिला रनिंग स्टाफ के विशिष्ट शिकायतों का निवारण किया जाए। NPS/UPS को रद्द कर, OPS को बहाल किया जाए। रनिंग स्टाफ 48 घंटे के भूख उपवास पर रहकर अपना ड्यूटी करेंगें।

## गीता जयंती महोत्सव का हुआ आयोजन

# कलेक्टर ने बच्चों को दिए जीवन मूल्य और सुरक्षा संबंधित महत्वपूर्ण संदेश





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मध्य प्रदेश शासन एवं विश्वगीताप्रतिष्ठान के संयुक्त तत्वावधान में गीता जयंती महोत्सव 2025 का आयोजन मॉडर्न चिल्ड्रन हायर सेकंडरी स्कूल में हुआ। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक दुबे, सीएमओ मंजूषा खत्री, तथा डीईओ राजेश गोयल भी उपस्थित रहे।

### गीता श्लोकों के सामूहिक पाठ से गूंजा परिसर

कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमद्भगवद्गीता एवं मां वीणावादिनी के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम में सतीश चतुर्वेदी शाकुंतल ने 15वें अध्याय की व्याख्या प्रस्तुत करते हुए कहा "गीता मानव को मानव से जोड़ने वाला ग्रंथ है। निराशा, भय और तनाव से मुक्त करने का सामर्थ्य केवल गीता में है।

### कलेक्टर ने समझाए गीता के जीवन–सूत्र

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा स्कूल जैसा पवित्र स्थान और बच्चों द्वारा किए गए मंत्रोच्चार मन को स्पंदित करने वाले हैं। पूरी प्रदेशभर में आज गीता जयंती का यह दिव्य उत्सव मनाया जा रहा है, और ऐसे उत्सव अवसर जीवन में बहुत कम आते हैं।कलेक्टर ने बच्चों से संवाद करते हुए गीता के अध्यायों एवं श्लोकों की संख्या पूछी, जिसका बच्चों ने उत्साहपूर्वक उत्तर दिया।

उन्होंने बच्चों को गीता का मूल मंत्र दिया। उन्होंने कहा दुख, चुनौतियाँ और परेशानियाँ आएँ तो भी अपने कर्म को पूर्ण निष्ठा से करते रहें, मार्ग स्वयं बनता चला जाएगा।"

### सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक वातावरण में कार्यक्रम संपन्न

महोत्सव के दौरान विद्यार्थियों द्वारा गीता श्लोकों का उच्चारण, आध्यात्मिक प्रस्तुति और संवाद सत्र ने पूरे वातावरण को पवित्रता एवं सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया।

### सड़क सुरक्षा पर दिया महत्वपूर्ण संदेश

कलेक्टर कन्याल ने जिले में बढ़ते सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए बताया अधिकतर दुर्घटनाएँ टू-व्हीलर चालकों के हेलमेट न पहनने के कारण होती हैं।

उन्होंने बच्चों से अपील की "आप स्वयं भी हेलमेट लगाएँ और अपने माता-पिता को भी प्रेरित करें। जान है तो जहान है।" मंच पर मौजूद सभी बच्चों ने हाथ उठाकर हेलमेट पहनने के संकल्प के साथ कार्यक्रम में सहभागिता दर्ज की।

### पुरस्कार वितरण एवं स्मृति चिह्न भेंट

मंच पर आयोजित समारोह में गीता ओलंपियाड में चयनित विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। संस्था प्रमुख डॉ. श्वेता अरोरा ने कलेक्टर कन्याल को स्मृति चिह्न भेंटकर आभार व्यक्त किया।

### भारतीय संस्कृति पर संतों का आह्वान

कैलाश गिरी महाराज एवं ऋषभ आनंद दास जी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में व्यक्ति की पहचान जाति से नहीं, उसके कर्म से होती है। कार्यक्रम का समापन आरती, विश्व कल्याण मंत्र एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ।




## बजरंगगढ़ थाना प्रभारी ने विद्यार्थियों को पढ़ाया यातायात नियम और सुड़क सुरक्षा का पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना


पुलिस मुख्यालय मध्य प्रदेश के निर्देश पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर प्रभावी कार्यवाही तथा यातायात नियम एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जन जागरूकता के उद्देश्य से दिनांक 26 नवंबर से 10 दिसंबर तक पूरे प्रदेश में विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के उद्देश्य वाहन चालकों में यातायात नियमों के पालन की आदत विकसित कर नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना एवं जिम्मेदारीपूर्ण ड्राइविंग को बढ़ावा देना एवं युवाओं एवं विद्यार्थियों को यातायात नियमों से अवगत कराना है। गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के दिशा निर्देशन में अभियान के तहत गुना पुलिस द्वारा जिले में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कानूनी प्रावधानों के अनुसार सख्त कार्यवाहियां की जा रही हैं ताकि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हो सके और नागरिक सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक हों। अभियान के क्रम में 1 दिसंबर को बजरंगगढ़ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कृपाल सिंह परिहार द्वारा अपने स्टाफ के साथ बजरंगगढ़ के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुँचकर छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को सड़क पर सुरक्षित व्यवहार अपनाने तथा स्वयं के साथ-साथ दूसरों के जीवन की रक्षा हेतु यातायात नियमों के पालन का संदेश दिया गया। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं के वास्तविक उदाहरणों के जरिए छात्रों में जागरूकता एवं संवेदनशीलता बढ़ाने का प्रयास किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों से संबंधित जानकारी युक्त पेंप्लेट का वितरण भी किया गया ताकि वे घर-परिवार एवं समाज को भी जागरूक कर सकें। जागरूकता कार्यक्रम में विशेष रूप से निम्न बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई :- सड़क पार करते समय सावधानी एवं जेबरा क्रॉसिंग का उपयोग दोपहिया वाहन पर हेलमेट का अनिवार्य उपयोग चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट का अनिवार्य पालन रैश ड्राइविंग, ओवरटेकिंग और ओवरस्पीडिंग के खतरे नाबालिगों द्वारा वाहन चलाना दंडनीय अपराध – अभिभावकों की जिम्मेदारी मोबाइल पर बात करते हुए वाहन न चलाना नशे में ड्राइविंग करने के खतरे एंबुलेंस एवं आपातकालीन वाहनों को प्राथमिकता देना सिग्नल, इंडिकेटर और लेन ड्राइविंग नियमों का पालनगुना पुलिस का नागरिकों के लिए संदेश — सड़क सुरक्षा सिर्फ कानून नहीं, जीवन से जुड़ी जिम्मेदारी है। नियमों का पालन करें, सुरक्षित चलें, सुरक्षित पहुंचें। नाबालिग बच्चों को वाहन न दें और परिवार के सभी सदस्यों में हेलमेट व सीट बेल्ट पहनने की आदत विकसित करें।

## मृत्युभोज बंद करने का निर्णय लिया

### चौरसिया समाज सादगीपूर्ण तरीके से पगड़ी रस्म में होगा शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के चौरसिया समाज ने मृत्युभोज बंद करने का निर्णय लिया है। चौरसिया समाज में किसी की मृत्यु होने पर पगड़ी की रस्म तो धार्मिक विधि अनुसार निभाई जाएगी, लेकिन मृत्यु भोज (त्रियोदशी, रसोई खर्च) नहीं होगा। जिनके भी परिजन देवलोक गमन करेंगे, वह अपनी इच्छानुसार दान राशि चौरसिया समाज को देंगे, ताकि मृत्यु भोज में खर्च होने वाले पैसों को समाज उत्थान की दिशा में खर्च किया जा सके। हाल ही में इसका समाज अध्यक्ष सुभाष चौरसिया के निवास पर आयोजित समाजजनों की बैठक में हुआ था, जिसे अब समाज ने पूरी तरह से अमलीजामा पहना दिया है। सभी ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि कोई भी समाज का व्यक्ति न तो मृत्युभोज का आयोजन करेगा और न ही इस तरह के आयोजन में शामिल होगा। इस अवसर पर समाज के प्रमुखजनों में राधारमन चौरसिया, रामसिंह चौरसिया, भानु चौरसिया, अनिल चौरसिया, राजवेन्द्र चौरसिया, जगदीश, महेन्द्र, मोहन, संतोष, बालमुकंद, जीतेन्द्र, सत्यनारायण, नरेश, जीतू, भूपेन्द्र, अक्षय, सुनील चौरसिया सहित तमाम लोग मौजूद रहे। हो गई मृत्युभोज बंद होने की शुरूआत हाल ही में चौरसिया समाज की वरिष्ठ महिला श्रीमती चंद्रकांता देवी का स्वर्गवास हो गया था। दिवंगत श्रीमती चंद्रकांता देवी के परिजनों ने त्रियोदशी पर होने वाले मृत्युभोज से दूरी बनाते हुए द्वादशी पर ब्राह्मण भोज एवं पगड़ी रस्म तक ही कार्यक्रम को सीमित कर दिया। इस मौके पर परिजनों ने 11 हजार रूपए भी चौरसिया समाज के उत्थान हेतु प्रदान किए हैं।



### खाद वितरण केंद्र की नई व्यवस्था का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

# बुजुर्ग किसान को प्राथमिकता देकर मानवता का उदाहरण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने सोमवार को नानाखेड़ी मंडी स्थित खाद वितरण केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का विस्तृत अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छाया, पेयजल, लाइन प्रबंधन तथा अन्य सुविधाओं की प्रगति की जानकारी ली। कलेक्टर ने सभी काउंटरों पर पहुँचकर किसानों से बातचीत की। किसानों ने बताया सभी व्यवस्थाएँ सुचारू हैं।

छाया और पानी की व्यवस्था उपलब्ध है तथा लाइन में किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं है। इस दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि रात के समय कोई किसान केंद्र पर नहीं रुके, इसके लिए टीम द्वारा रात में दो बार राउंड लगाया जाए।इस दौरान लाइन में खड़े एक बुजुर्ग किसान को कलेक्टर ने प्राथमिकता देते हुए सबसे पहले खाद दिलवाई। इस मानवीय पहल का उपस्थित किसानों ने स्वागत किया। कलेक्टर ने कहा, "यदि कोई बुजुर्ग, असहाय या दिव्यांग व्यक्ति लाइन में हो, तो हम सभी को उसे स्वेच्छा से आगे का स्थान देना चाहिए।" निरीक्षण के दौरान कुछ व्यक्तियों द्वारा लाइन में थूकने व गंदगी फैलाने की जानकारी मिली, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित लोगों को समझाइश दी तथा केंद्र की स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया जल्द ही ई-टोकन प्रणाली लागू की जाएगी, जिससे लाइन में लगने की समस्या समाप्त हो जाएगी और किसानों को और अधिक सुविधाजनक व्यवस्था उपलब्ध होगी। किसानों ने नई व्यवस्था की सराहना करते हुए इसे समयोचित और उपयोगी बताया। इस दौरान एसडीएम गुना शिवानी पाण्डेय, तहसीलदार गुना जीएस बैरवा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## हरिभूमि जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 297. खुशी नायक पिता\पति संदीप नायक पता - रावन भाटा रायपुर, 298. भारत लाल चतुर्वेदी पिता\पति स्व. ताराचंद चतुर्वेदी पता- रावतपुरा कॉलोनी फेज 01 मठपुरेना रायपुर, 299. भावना वर्मा पिता\पति खोमन वर्मा पता- जागृति नगर बीरगांव, 300. प्रियंका ठाकरे पिता\पति सचिन ठाकरे पता- संजय नगर रायपुर, 301. श्रीकांत वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता- डिरापारा रायपुर, 302. इन्द्राणी रमेश शर्मा पिता\पति ब्यास नारायण मिश्रा पता - ब्राम्हण पारा रायपुर, 303. भाविका साहू पिता\पति गौतम साहू पता - वेदाता सिटी कांदुल रोड, 304. लक्ष्मीकान्त यादव पिता\पति जे.एल. यादव पता - मठपारा रायपुर, 305. संतोषी यादव पिता\पति सतीश यादव पता- पुरानी बस्ती रायपुर, 306. प्रेमचंद साहू पिता\पति टेटकू राम साहू पता – पिपरौद, 307. खुमेश साहु पिता\पति प्रेम लाल साहु पता- तर्रा पोस्ट -सुरसाबाँधा, 308. चुन्नी निर्मलकर पिता\पति पुनीतराम निर्मलकर पता-सेमरा भखारा, 309. तोवा राम साहू पिता\पति स्व. पंचराम साहू पता- नगरी, 310.कुनाल साहू पिता\पति डोमेन्द्र साहू पता- सांकरा , नगरी, 311. अमन कन्नौजे पिता\पति एस.आर. कन्नौजे पता- वार्ड न. 43 बसंतपुर राजनादगांव, 312. रेणुका श्रीवास्तव पिता\पति एस .एल श्रीवास्तव पता- रेवाडीह वार्ड न. 21, 313. प्रज्वल पाटिल पिता\पति जसवंत पाटिल पता- वार्ड न.-16, बैलापसरा राजनादगांव, 314. यशवंत कुमार सप्रे पिता\पति ईतवारी राम सप्रे पता- बेमेतरा, 315. टीकाराम सेन पिता\पति सुकदेव राम सेन पता- बरदेभाठा चौक कांकेर, 316. दुलेश्वरी पिता\पति मुकेश कुमार पता- डौंडी नगर भंडारी पारा वार्ड न. 08, 317. सुमन ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 318. खोमराज पटेल पिता\पति भवर लाल पटेल पता- नर्रा, 319. महेश आमदे पिता\पति भुलऊराम आमदे पता- कवर्धा, 320. तेजनाथ साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- कमल कॉलोनी बलौदाबाजार, 321. सुयश आचार्य पिता\पति प्रशांत आचार्य पता- अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 322. पंकज कुमार साहू पिता\पति छत्रपाल साहू पता-पोटियाकला दुर्ग, 323. बलदाऊ लाल साहू पिता\पति स्व. राम्लू लाल साहू पता- आदर्श स्ट्रीट रामनगर भिलाई, 324. डिम्पल चौधरी पिता\पति नन्द जंघेल पता-दुर्गा पारा मुकम खदान सुपेला, 325. जानवी टंडन पिता\पति M.L.टंडन पता-वेदांत नगर फेज-2 उमरपोटी, 326. अथर्व विकास बेहेरे पिता\पति विकास विनायक बेहेरे पता- सुभाष नगर, 327. ईशा राजपूत पिता\पति अशोक राजपूत पता-सुभाष नगर वार्ड 42 दुर्ग, 328. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता- पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 329. स्वीकृति चौहान पिता\पति बिरेन्द्र चौहान पता- साहू पारा रामनगर भिलाई, 330. गजरा सोनी पिता\पति ननकू प्रसाद सोनी पता-दुर्ग, 331. रितिका साहू पिता\पति ताम्रध्वज साहू पता- कोहिका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण-** 332. अफरोज बानो, पिता/पति- मुनव्वर खान पता- आदर्श चौक मंगला, बिलासपुर 333. राजकुमारी साहू पिता/पति- बाबू लाल साहू पता- बहतराई, बिलासपुर, 334. सुलोचना कुर्रे पिता/पति- राजाराम कुर्रे पता- बंधवा पारा सरकंडा, बिलासपुर, 335. कुसय हुसैन पिता/पति-मुश्ताक हुसैन पता- खपरगंज बिलासपुर, 336. आरती शर्मा पिता/पति- स्व.एम.एल.शर्मा पता- गुरूनानक चौक, बिलासपुर, 337. मनोज नाथानी पिता/पति- माधसव दास नाथानी पता- रामा वैली आर-8-11, बिलासपुर, 338. साक्षी साहू पिता/पति-चंद्रशेखर साहू पता- तोरवा बिलासपुर, 339. प्रियंका शर्मा पिता/पति- श्री पवन शर्मा पता- ईदगाह रोड, बिलासपुर, 340. राकेश सिंह राजपूत पिता/पति- विजय सिंह राजपूत, पता- सांई नगर, उस्लापुर बिलासपुर 341. मालती साहू पिता/पति-देवलाल साहू पता- बाजार चौक, यदुनंदन नगर, तिफरा बिलासपुर, 342. सतीश कुमार साहू पिता/पति- बुधराम साहू पता- तिफरा बिलासपुर, 343. अर्थव यादव पिता/पति-सुदर्शन यादव पता- कस्तूरबा नगर, बिलासपुर, 344. माही यादव पिता /पति - सूरज यादव, पता- पड़ावपारा कोटा, 345. सुशील कुमार पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 346.सुमन सूर्यवंशी पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 347. जानवी कौशिक पिता /पति - सनत कौशिक, पता - खमरिया काठाकोनी, 348. साधना भगत पिता /पति - गोपाल राम भगत , पता – रतनपुर, 349. नरेश गोयल पिता /पति - नैवत राम गोयल, पता -पेण्ड्रा रोड , 350. किरण पांडे पिता /पति - रवि शंकर पांडे पता - पुरानी बस्ती मस्तूरी, 351. हर्षिता कौशिक पिता /पति - उमाशंकर कौशिक पता - सिचाई कालोनी सकरी, 352. दीपक कुमार यादव पिता /पति - जीवन लाल यादव पता - कर्रा सीपत, 353. प्रियंका सूर्यवशी , पिता /पति - नारायण प्रसाद सूर्यवंशी, पता - भरारी जांजगीर जिला, 354 दिनेश कुमार यादव, पिता /पति - नर्मदा प्रसाद यादव, पता- शकुल पारा खरौद **भोपाल संस्करण-** 355. शिवन्या जाटव पिता\पति - स्व मोनू जाटवमकान न. 2597 राजीव नगरकोटरा, 356. हर्षिता तोमर पिता\पति - देवेन्द्र सिंह तोमर `नेहरू नगर भोपाल, 357. साबरा बी पिता\पति - मो. जोएब 126 इंद्रा नगर टीला जमालपुरा, 358. जाकिया आमिर पिता\पति - मो. आमिरबाग मुफ्ती साहबकबीटपुरा, 359. पवन यादव पिता\पति - मांगीलाल ग्राम नून्या हेड़ीराजगढ़, 360. मधु दांगी पिता\पति - सोमराज दांगीशर्मा कॉलोनी प्रताप वार्डबीना, 361. पूनम दांगी पिता\पति - नीरज सिंह दांगीसागौनीगुरू सागर, 362. फैजान खान पिता\पति - आतिफ खान सीहोर नाका सीहोर, **जबलपुर संस्करण-** 363. निधि अग्रवाल पिता\पति- रतन अग्रवाल लाल कुआं हनुमानतल जबलपुर, 364. भारती मिश्रा पिता\पति – स्व. राजकुमार दुबे रिछाई जबलपुर, 365. रजनी सुदीशा पिता\पति- उत्तम कुमार सुदिशा बिरसिंहपुर पाली उमरिया, 366. शरद विश्वकर्मा पिता\पति - हरलाल विश्वकर्मा छपारा सिवनी, 367. मनीष विश्वकर्मा पिता\पति - इंद्रजीत विश्वकर्मा प्रेम नगर इसाई मोहल्ला मदन महल, 368. नरेश नाईक पिता\पति - स्वर्गीय पंढरीनाथ नाईक शिवनगर गढ़ा जबलपुर, 369. राजेंद्र अहिरवार पिता\पति - नारायण प्रसाद अहिरवार मकान नंबर 113 छिंवला ग्वारीघाट जबलपुर, 370. श्रुति शुक्ला पिता\पति - सुधीर कुमार शुक्ला मकान नंबर 361 दुर्गा कॉलोनी शीतला माई वार्ड घमापुर जबलपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## समाचार संक्षेप

### सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का निराकरण में नगरपालिका राघौगढ-विजयपुर को मिला ए ग्रेड

**राघौगढ़।** सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतो का निराकरण नगरपालिका राघौगढ-विजयपुर द्वारा 100% वेटेज स्कोर प्राप्त कर A ग्रेड प्राप्त किया गया है नगरपालिका राघौगढ को माह नवंबर 2025 को कुल 131 शिकायत प्राप्त हुई जिनका निराकरण नगरपालिका राघौगढ के सभी अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा किया गया। शिकायतों के निराकरण में नगरपालिका राघौगढ का जिले एवं संभाग में प्रथम स्थान एवं प्रदेश में दूसरे स्थान रहा। नगरपालिका राघौगढ की इस उत्कृष्ट कार्य लिये आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग भोपाल द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय कुमार साहू एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज सिंह यादव द्वारा समस्त नगर पालिका स्टॉफ को बढ़ाई दी गई।

### गीता जयंती पर भव्य आयोजन: 700 विद्यार्थियों ने किया सामूहिक गीता पाठ

**आरोन।** मोहन यादव, मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश, के संकल्प तथा शासन एवं शिक्षा विभाग एवं विश्व गीता प्रतिष्ठानम के तत्वावधान में मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष की पावन एकादशी पर गीता जयंती का भव्य आयोजन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय आरोन में सम्पन्न हुआ। 700 से अधिक विद्यार्थियों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों शिक्षकों द्वारा सम्पन्न सामूहिक श्रीमद्भगवद्गीता के पन्द्रहवे अधृयाय का किया ,पूरे परिसर में आध्यात्मिक



ऊर्जा और सांस्कृतिक उल्लास का वातावरण निर्मित किया। इस गरिमामय आयोजन में प्रतिष्ठित अतिथिगण उपस्थित पंडित रामदयालशास्त्री, शंभूश्याल ओझा, श्यामबाबू श्रीवास्तव , रमेशबाबू झा अविनेश दुबे, राजेश शास्त्री छगन लाल तिवारी सांसद प्रतिनिधि शिवराम दास वैरागीनगर के गणमान्य नागरिकनगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मिन्दूलाल जैन ,भाजपा मंडल अध्यक्ष मुनेश जैन,पार्षद मूलचंद वोहरे सोनू लांचा बृजमोहन यादव, विष्णु प्रसाद दुबे, राजीव राजावत तथा कार्य क्रम के आयोजक शिक्षा विभाग संतोष धाकड़ वी ई ओ विश्व वीर सिंह रघुवंशी प्राचार्य विनोद रघुवंशी, प्राचार्य पूर्व वी आर सी विनोद सिंह रघुवंशी देवेश वाथम अरविंद सिंह रघुवंशी विजय जैन साहब एवं समस्त स्टाफ के शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति तथा संचालन भगवान लाल शर्मा ने किया एवं आभार विजय जैन साहब ने किया।

### रुस्तम पठान उमरा हज यात्रा पर रवाना शुभचिंतकों ने दी मुबारकबाद

**आरोन।** रुस्तम पठान अपनी उमरा हज की पवित्र यात्रा पर रवाना हुए। इस अवसर पर परिवारजनों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों ने मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएँ दीं तथा कहा— "हमारा सलाम वहाँ पहुँचा देना।"गौरतलब है कि रुस्तम पठान के दोनों छोटे भाई भी इससे पहले



उमरा की यात्रा कर चुके हैं, जिससे पूरे परिवार में धार्मिक उत्साह और खुशी का माहौल बना हुआ है।यात्रा पर निकलते समय रुस्तम पठान ने बताया कि वह मुल्क की अमन-चैन, भाईचारे और सभी की खुशहाली की दुआ मक्का-मदीना में जाकर करेंगे। मुबारकबाद देने वालों में समाजसेवी पत्रकार श्याम टांडेल,बंटी राजपूत धर्मेंद्र राजपूत,इमरान खान, फजल खान,शाहिद खान, रईस भाई, फिरोज खान,अंकुर टांडेल,भैया खान सहित अनेक लोगों के नाम शामिल हैं।सभी ने उनके सफर की कामयाबी, सलामती और रौशन बरकत की दुआ की है।

### ट्रक चालकों के लिए जागरूकता सम्मेलन का आयोजन

# एड्स के खिलाफ समाज में व्याप्त भ्रांतियों का निराकरण ही एक मात्र समाधान : विष्णु प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶राघौगढ़

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर संकल्प समाज सेवी संस्था द्वारा ट्रक चालकों के लिए जागरूकता सम्मेलन का आयोजन )"रुकावट पर काबू पाना, AIDS के जवाब को बदलना" इस थीम पर संकल्प समाजसेवी संस्था द्वारा संचालित खुशी क्लीनिक परियोजना के अन्तर्गत विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन टेंकर पार्किंग एरिया, गेल विजयपुर(गुना) में किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में गेल (इंडिया) लिमिटेड विजयपुर शाखा के मानव संसाधन के सीएसआर प्रबंधक एस प्रशांत मुख्य अतिथि एवं सीएसआर कमेटी सदस्य सुश्री याशी अग्रवाल विशिष्ट अतिथि बतौर उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गेल (इंडिया) लिमिटेड विजयपुर शाखा के मानव संसाधन मुख्य प्रबंधक विष्णु प्रसाद पांडा ने की. सर्वप्रथम समस्त अतिथियों को रेड रिबन एवं बैज लगाकर स्वागत से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।



इसके पश्चात संकल्प समाज सेवी संस्था के सचिव एवं परियोजना निदेशक सन्देश बंसल ने विश्व एड्स दिवस पर प्रकाश डालते हुए अपने उद्बोधन में कहा की वर्ष 2025 एक ऐतिहासिक वर्ष है, जो फंडिंग संकट से भरा हुआ, खतरा पैदा करने वाला है । इससे HIV से बचाव की सर्विस बहुत ज़्यादा बाधित हैं। जिसकी पूर्ति सीएसआर अनुदान के माध्यम से की जा रही है, गेल (इंडिया) लिमिटेड ट्रक चालकों के लिए HIV/AIDS पर जागरूकता लाने के लिए इस अभियान के संचालन में सहयोग कर रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि याशी अग्रवाल ने कार्यक्रम सफ़ल संचालन के लिए संकल्प संस्था की टीम को शुभकामनाएं दी । अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की HIV पीड़ितों के साथ भेद-भाव की सोच को समाप्त करना होगा, ताकि उन्हें जीने का सम्मानजनक अवसर मिल सकें। मुख्य अतिथि सीएसआर प्रबंधक एस प्रशांत ने कहा की NACO की थीम 95-95-95 को प्रभावी ढंग से परियोजना में लागू करने का आह्वान किया। ताकि अधिक से अधिक लोग अपने HIV जांच के माध्यम से अपनी स्थिति जान सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मानव संसाधन मुख्य प्रबंधक विष्णु प्रसाद पांडा ने कहा कि एड्स के खिलाफ समाज में व्याप्त भ्रांतियों का निराकरण ही एक मात्र समाधान, इसके गेल द्वारा सीएसआर के माध्यम से HIV जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्या के विरुद्ध संकल्प समाज सेवी संस्था के माध्यम से विजयपुर परिसर में ख़ुशी क्लिनिक परियोजना के माध्यम से प्रभावी प्रयास किया जा रहा है, जिसका परिणाम है कि वर्ष एक भी HIV पॉजिटिव प्रकरण चिन्हिंत नहीं हुआ है, संस्था के कार्यकर्ताओं के सघन प्रयासों से प्राप्त सफलता के लिए, सभी की प्रसंशा की। जागरूकता सम्मेलन की इसी कड़ी में ट्रक चालकों को वितरित की जाने वाली प्राथमिक उपचार किट का विमोचन अतिथियों द्वारा कराया गया और उपस्थित सभी ट्रक चालकों को किट वितरित भी की गयी. कार्यक्रम के दौरान परियोजना समन्वयक आनंद दुबे द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन के माध्यम से संस्था द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में रचना फाउंडेशन की सचिव शालिनी अग्रवाल एवं शासकीय राघौगढ़ महाविद्यालय की प्राध्यपक प्रतिभा दुबे विशेष रूप से उपस्थित थी। जागरूकता सम्मेलन में मुखौटा कला मंच की टीम एवं शासकीय राघौगढ़ महाविद्यालय के स्टूडेंट द्वारा HIV/एड्स विषय पर जागरूकता नाटक का मंचन किया गया। शासकीय राघौगढ़ महाविद्यालय में आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया गया. कार्यक्रम का संचालन संदीप मेहरा द्वारा किया गया. एवं आभार देवेश अग्रवाल द्वारा किया गया. जागरूकता सम्मेलन में खुशी क्लीनिक परियोजना से डॉ सौदान सिंह सिंह धाकड़ हेल्थ एजुकेटर सोनू लोधा, अरविंद लोधा पियर एजुकेटर राजगिरी गोस्वामी, प्रीतम लोधा, मनोज प्रजापति एवं बड़ी संख्या में स्टैक होल्डर्स, ट्रक ड्राइवर एवं क्लीनर उपस्थित रहे ।

### विश्व एड्स दिवस पर एचआईवी से पीड़ित व्यक्तियों के लिए किया जागरूकता रैली का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

विश्व एड्स दिवस पर आरोन सिविल अस्पताल में जागरूकता रैली एवं कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम सीबीएमओ डॉ. के. एन.भिलवारे एवं फैमली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया टी.आई से मैनेजर डायरेक्टर नीलम दिक्षित के निर्देशन में संपन्न हुआ।डॉ. भिलवारे ने बताया कि एड्स से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय समय पर जांच, सुरक्षित व्यवहार और निरंतर जागरूकता है उपस्थित डॉ महेश राजपूत डॉ राम पीपल डॉ राजू मजुमदार डॉ अभिनाश रघुवंशी डॉ धर्मेंद्र जाट अरबी SK डॉ रवि सोनी डॉ लोकेंद्र कुशवाहा एवं आई सी टी सी लैब टेक्नीशियन ख़लक सिंह यादव फेमिली प्लानिंग से orw विशाल सोनी राजेश शर्मा एम टी एस एवं समस्त नर्सिंग ऑफिसर उपस्थित रहे।

### मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. के.एन. भीलवारे को शादी की सालगिरह पर मिली शुभकामनाएँ

**आरोन।** मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. के.एन. भीलवाड़े की शादी की सालगिरह पर क्षेत्र के समाजसेवी हीरालाल सप्रे, उनकी धर्मपत्नी, पुत्र,सचिन सप्रे, समाजसेवी पत्रकार बंटी राजपूत ने हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।साथ ही सिविल हॉस्पिटल स्टाफ एवं



जनप्रतिनिधियों ने भी डॉ. भीलवारे को बधाई देते हुए उनके सरल स्वभाव, योग्यता और सेवा भाव की सराहना की। सभी ने उनके स्वस्थ, दीर्घायु और सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना करते हुए कहा कि डॉ. भीलवारे अपने कार्य, संवेदनशीलता और व्यवहार से निरंतर प्रेरित करते हैं।

# संघर्ष से सफलता तक: गुना की बेटी सपना जैन को आईएएस अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

शहर की गौरवशाली बेटी और 2007 बैच की डिप्टी कलेक्टर सपना अनुराग जैन को हाल ही में भारत सरकार द्वारा आईएएस अवार्ड प्रदान किए जाने पर, गुना शहर ने उनका भव्य नागरिक अभिनंदन किया। ऋषभायतन नसियाजी पर आयोजित इस सम्मान समारोह में जैन समाज सहित विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और सेवा भावी संगठनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही मध्यप्रदेश वैश्य महासम्मेलन जिला गुना अध्यक्ष राजेश अग्रवाल एवं जिला महामंत्री विकास जैन नखराली ने प्रशस्ति पत्र भेंट कर नागरिक अभिनंदन में सहभागिता कर उन्हें बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की। वर्तमान में एडिशनल डायरेक्टर, नर्मदा घाटी, इंदौर के



पद पर पदस्थ सपना जैन और उनके पति अनुराग जैन (ज्वाइंट कमिश्नर, एसजीएसटी, इंदौर) इस आयोजन में उपस्थित रहे। इस समारोह ने सपना की सफलता की कहानी को न केवल रेखांकित किया, बल्कि उनके पीछे रहे अनमोल गुरुजनों और परिजनों के त्याग को भी उजागर किया। गुरुजनों के मार्गदर्शन ने बदली दिशासमारोह में सपना और उनकी छोटी बहन, प्रशासनिक अधिकारी सोनाली जैन के जीवन पर एक मार्मिक डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शित की गई। इसमें बताया गया कि अविभाजित गुना के ग्राम कचनार (अशोकनगर) से प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण करने के बाद स्व. अनिल कुमार जैन का परिवार गुना आया। गुना में दोनों बहनों की पढ़ाई औसत रही। जब उन्होंने पीएससी की तैयारी का मन बनाया, तब पीजी कॉलेज के प्राध्यापक व्हीके श्रीवास्तव ने उन्हें एक सही दिशा दी और उन्हें प्रख्यात मार्गदर्शक प्रो. आरके विजयवर्गीय के पास मार्गदर्शन लेने के लिए पहुँचाया। डॉक्यूमेंट्री में इस बात को विशेष रूप से रेखांकित किया गया कि प्रो. विजयवर्गीय ने एक जौहरी की तरह दोनों बहनों के भीतर छिपी प्रतिभा को पहचाना और उन्हें निखारना शुरू किया। प्रो. विजयवर्गीय का मार्गदर्शन ही वह निर्णायक मोड़ साबित हुआ, जिसने उनकी सफलता की नींव रखी। कार्यक्रम में सपना जैन के शिक्षक प्रो. आरके विजयवर्गीय एवं उनकी पत्नी पूर्व प्राचार्य डॉ. विनीता विजयवर्गीय के साथ गुरुजनों के अलावा विभिन्न अधिकारी और बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक संस्थाओं ने उन्हें सम्मानित कर गुना के प्रति उनके गौरव को स्वीकारा।

# ईसागढ़ के हायर सेकंडरी स्कूल में गीता पाठ किया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ईसागढ़

ईसागढ के हायर सेकेण्ड्री स्कूल में गीता जंयती समारोह का आयोजन किया गया जिसमें 500 बच्चों ने श्रीमद भागवत गीता के 15वें अध्याय का वाचन किया। विश्व गीता जयंती दिवस को भव्य रूप से शासकीय कन्या शाला उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ईसागढ़ में मनाया गया जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षक गण, प्राचार्य, उज्जवल द्विवेदी, भरत शर्माएवं विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं एवं सभी लोगों का विशेष योगदान रहा।



### एसआईआर: बीएलओ व सुपरवाइजर सम्मानित

**अशोकनगर।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने पर चंदेरी विधानसभा 033 चंदेरी के बीएलओं, बीएलओं सुपरवाईजर सहित अन्य संलग्न शासकीय सेवकों को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह द्वारा चंदेरी तहसील कार्यालय में फूल माला पहनाकर एवं प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

उल्लेखनीय है कि विधानसभा क्षेत्र 33 चंदेरी के 241 बीएलओ, 24 बीएलओ सुपरवाइजर,06 मास्टर ट्रेनर्स, 22 पटवारी सहित एसआईआर कार्य में संलग्न कर्मचारियों को शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण करने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम ईसागढ़ त्रिलोचन गौड़, तहसीलदार दिलीप दरोगा,नायब तहसीलदार हिमांशी गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# संस्थागत व पारिवारिक शौचालयों की चयनित स्वच्छता साथी करेंगे सफाई

**अशोकनगर।** जनपद पंचायत ईसागढ में वॉश ऑन व्हील अंतर्गत व्यक्तिगत व सामुदायिक शौचालयों की सफाई ऑनलाइन बुकिंग के माध्यम से घर बैठे कोई भी व्यक्ति या संस्था यथा-स्कूल, आंगनवाडी, पंचायत घर, स्वास्थ्य केन्द्र, पेट्रोल पंप,होटल, ढाबा एवं सार्वजनिक और निजी प्रतिष्ठानों में निर्मित शौचालयों को वॉश मशीन से सफाई की जाने की शुरूआत छिंदवाड़ा मॉडल पर जनपद पंचायत की समस्त ग्राम पंचायतों में क्लस्टर स्तर पर स्वच्छता साथी मोबाइल एप के माध्यम से स्वच्छता सेवाओं की सुगम पहुंच सुनिश्चित होगी।



इस हेतु स्वच्छता साथी का चयन हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ईसागढ ए.पी.प्रजापति नें एडीईओ, पीसीओ सहित जनपद स्टाफ के साथ बैठक आयोजित कर दो दिवस में 10वीं पास, ड्राइविंग लाइसेंस, मेडीकल और चरित्र प्रमाणपत्र सहित आधार कार्ड, समग्र परिवार आईडी,मोबाइल नंबर सहित आवेदन प्राप्त करने संबंधी दिशा-निर्देश दिए। विकासखण्ड समन्वयक सतपाल सिंह जाट ने बताया कि इस पहल से संस्थागत शौचालयों की स्वच्छता हेतु समय पर सेवा की उपलब्धता होने से स्कूल सहित सामुदायिक क्षेत्र की दृश्य स्वच्छता के साथ गंदगी जनित संक्रमण वाली बीमारियों में गिरावट के साथ स्वच्छता साथी की आजीविका संवर्धन होने के साथ सेवा प्राप्तकर्ता को गुणवत्तापूर्ण मशीनीकृत स्वच्छता सेवाएं प्राप्त होंगी जिससे गांव में बने शौचालय और सड़क किनारे के सामुदायिक स्वच्छता परिसर जो नियमित सफाई के अभाव मे अनुपयोगी होने से आमजन के उपयोग हेतु उपलब्ध नहीं होते थे वह स्वच्छता के इस नवाचार से खुलेंगे।

### जिले में मुस्कान अभियान का प्रभावी ढंग से संचालन किया गया

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देश पर पुलिस विभाग अशोकनगर द्वारा मुस्कान अभियान का प्रभावी ढंग से एसीपी राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में संचालन किया गया। अभियान के अंतर्गत जिलेभर में अब तक कुल 478 जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें 78,240 से अधिक छात्र-छात्राओं एवं आमजनों को लैंगिक अपराध, गुड टच-बैड टच, बाल संरक्षण कानून तथा हेल्पलाइन नंबरों की उपयोगिता संबंधी विस्तृत जानकारी देकर जागरूक



किया गया। स्कूलों, कॉलेजों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जागरूकता गतिविधियों ने जनभागीदारी को मजबूत बनाया। जिले से वर्ष 2025 में गुम एवं अपहृत सभी 23 नाबालिग बालक एवं बालिकाओं को 100 प्रतिशत सफलता के साथ सुरक्षित दस्तयाब किया गया, जो अशोकनगर पुलिस के लिए एक सराहनीय उपलब्धि है। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में अशोकनगर पुलिस द्वारा आगामी समय में बाल सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ करने के साथ-साथ गुम नाबालिगों की तत्काल दस्तयावी एवं अपराधों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। जिलेवासियों से अपील की है कि बच्चों की सुरक्षा में सहयोग करते हुए किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

विश्व दिव्यांग दिवस 03 दिसम्बर 2025 के अवसर पर दिव्यांगजनों के सामथ्र्य प्रदर्शन अनुसार सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेल-कूद प्रतियोगिताएँ आयोजित किये जायेगें। खेलकूद प्रतियोगिता जिसके अंतर्गत एथलेटिक्स, तैराकी, बास्केटबाल, बैडमिटन, क्रिकेट, साईक्लिग, हॉकी, फुटबाल, टेबल टेनिस, टेनिस, शतरंज, बॉलीवाल आदि खेलकूद कराये जाने के निर्देश आयुक्त सामाजिक न्याय विभाग द्वारा दिये गए है। जिला स्तर पर कार्यक्रमों के आयोजन हेतु विस्तृत रूपरेखा तैयार कर संबंधित विभागों को भेजी गई है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत दिव्यांगजन को अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यमों से प्रदाय किया जाएगा। जिसके अंतर्गत एकल नृत्य, सामूहिक गान संगीत, नाट्य, फेन्सी ड्रेस आदि कार्यक्रम किये जायेगें। साथ ही सामथ्र्य प्रदर्शनरू दिव्यांगजनो द्वारा हस्तशिल्प की प्रदर्शनी लगवाई जायेगी। जिसमे पेंटिंग, डेसमेकिंग, ज्वेलरी मेकिंग, बांस की कलाकृति, कढाई, चित्रकला फोटोग्राफी तथा अन्य का प्रदर्शन किया जाएगा। स्वास्थ शिविर में ऐसे दिव्यांगजन जिनके यू.डी.आई.डी. प्रमाण-पत्र जारी नहीं हुये है, उन्हें यू.डी.आई.डी. प्रमाण पत्र जारी कराये जायेगें। दिव्यांगजनों को पात्रता अनुसार कृत्रिमअंग, सहायक उपकरण अथवा लेपटॉप का वितरण किया जायेगा।

### प्रत्येक व्यक्ति करे गीता के उपदेशों का पालन : महंत

**बीना।** अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव का ब्लॉक स्तरीय सामूहिक कार्यक्रम का आयोजन सांदीपनि विद्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कई स्कूलों के करीब साढ़े तीन सौ बच्चों ने भाग लिया। उन्होंने गीता के 15 अध्याय का वाचन किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष देव रघुनाथ मंदिर ट्रस्ट के महंत महामण्डलेश्वर श्री राधा मोहन दास महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि गीता जी विशेष मानव, किसी क्षेत्र विशेष समुदाय, विशेष वर्ग, व्यक्ति विशेष की न होकर सभी मानवों के लिए है। उन्होंने आगे कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को गीता के उपदेशों का पालन करते हुए हमेशा अच्छे कर्म करना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंड़ित विष्णु पटेरियाने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।



# जिला रेडक्रास सोसाइटी के पदाधिकारियों की बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला रेडक्रास सोसायटी आदित्य सिंह की अध्यक्षता में जिला रेडक्रास सोसायटी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की परिचयात्मक बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्फ्रेंस कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का परिचय प्राप्त किया गया। बैठक में सभी उपस्थित पदाधिकारियों ने जिले में रेडक्रास की गतिविधियों को बेहतर तरीके से संचालित किये जाने पर चर्चा की गई। कलेक्टर द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सम्मान किया गया।बैठक में नवनिर्वाचित सभापति डॉ. जयमण्डल सिंह यादव, उपसभापति राजीव जैन जाट,सचिव संजय रघुवंशी, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र अग्रवाल, प्रदेश प्रतिनिधि डॉ. अनुराधा सिंह यादव, डॉ. दीपक मिश्रा, डॉ. हरवीरसिंह रघुवंशी, वित्त समिति प्रभारी सतीष पराशर सदस्य अंकित छावडा एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# शाढ़ोरा के उत्कृष्ट हायर सेकंडरी में गीता जयंती महोत्सव मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶शाढ़ौरा

स्थानीय उत्कृष्ट हायर सेकंडरी स्कूल प्रांगण में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग के अधिष्ठान वीर भारत न्यास एवं विश्व गीता प्रतिष्ठानम् का यह अनुष्ठान हायर सेकेंडरी स्कूल के आतिथ्य में एवं स्थानीय गीता स्वाध्याय समिति प्रमुख देवीलाल शर्मा के संयोजकत्व में आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में विभिन्न शासकीय व निजी विद्यालयों के छात्र छात्राएं, गीता स्वाध्याय, अतिथि व गणमान्य जन शामिल हुए। कार्यक्रम में देवीलाल शर्मा, प्राचार्य महेन्द्र सिंह रघुवंशी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुधीर रघुवंशी, वरिष्ठ समाजसेवी भरत जैन, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शिव प्रताप रघुवंशी, कन्या हाई स्कूल के प्राचार्य रामबली सिंह रघुवंशी,ओमप्रकाश दुबे ,राकेश रघुवंशी, शिवकुमार शर्मा व ओमप्रकाश दुबे मंचासीन थे। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती जी एवं श्रीमद् भगवद्गीता के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं पूजन के साथ की गई। इस अवसर पर सभी ने सामूहिक रूप से विश्व के तमाम देशों के साथ एक ही समय में किया जाने वाला श्रीमद् भगवद्गीता के 15वें अध्याय के श्लोकों का वाचन किया।

## खबर संक्षेप

### फरियादी की रिपोर्ट पर से मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत हाटकापुरा निवासी संजय आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ग्राम बांकलपुर निवासी करतार आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर से आरोपी के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया है।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए है। जिले की चन्देरी पुलिस ने दुधराई निवासी सतपाल बंजारा के पास से 7 लीटर और देवरछी निवासी तोफान सिंह यादव के पास से 7 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की बहादुरपुर ने मोला डेम निवासी धनिया बाई के पास से 5 लीटर और परियाबाई निवासी मोलाडेम के पास से भी 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। सेहराई पुलिस ने चिरौली निवासी रवि आदिवासी से 5 लीटर कच्ची शराब बरामद की है।

### नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा वितरित किए गए कामाख्या यात्रा के टिकट

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा चलाई जा रही तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत 3 दिसंबर को तीर्थ यात्रियों का जत्था कामाख्या देवी के दर्शन हेतु रवाना किया जाएगा। इस हेतु जिले को 250 यात्रियों का बर्थ कोटा रेलवे द्वारा दिया गया है। जिसमें नगरीय क्षेत्र अशोकनगर के 80 यात्रियों को नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया के द्वारा सम्मानपूर्वक टिकटों का वितरण किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पार्षद महेंद्र भारद्वाज सहित नगर पालिका का स्टाफ मौजूद रहा। नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा सभी यात्रियों को यात्रा की सफलता हेतु शुभकामनाएं भी दी गईं।

### चंदेरी विधायक ने की ईसागढ मंडल का नाम हनुमानगढ़ करने की मांग

**अशोकनगर।** चन्देरी ईसागढ क्षेत्र के विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खण्डेलवाल को एक पत्र लिखकर मांग की है कि उनके विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ईसागढ़ मण्डल का नाम हनुमानगढ़ किया जाए। इस तरह की मांग भारतीय जनता पार्टी के ईसागढ़ मंडल के कार्यकर्ताओं के द्वारा लगातार की जा रही है कि ईसागढ़ का नाम परिवर्तित कर हनुमानगढ़ किया जाये। कार्यकर्ताओं की मांग के आधार पर पार्टी स्तर पर चन्देरी विधानसभा के ईसागढ़ मंडल का नाम परिवर्तित कर हनुमानगढ़ मंडल किया जा सकता है।

### सूफी और गजल कलाकार कविता का कार्यक्रम आज

**अशोकनगर।** जिला अशोकनगर के चंदेरी ईको रिट्रीट महोत्सव कटी घाटी के पास मंगलवार को सूफी और गजल कलाकार ,म्यूजिक डायरेक्टर कविता सेठ द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम 02 दिसम्बर को सायं 7:30 बजे से प्रारंभ होगा।

### जिला मेडीकल एसोशियन समिति की बैठक आयोजित

**अशोकनगर।** जिला चिकित्सालय अशोकनगर में रात्रि के समय इलाज हेतु आने वाले मरीजो को दवाईयों के लिये परेशान नही होना पडे इस सुविधा हेतु रात्रिकालीन मेडीकल शॉप खोले जाने के संबंध में जिला मेडीकल एसोशियन समिति की बैठक का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय अशोकनगर में किया गया। बैठक में उपस्थित मेडीकल एसोशियन से चर्चा उपरांत जिला चिकित्सालय अशोकनगर में रात्रिकालीन मेडीकल शॉप खोले जाने पर सहमति प्रदाय की गई। बैठक में जिला चिकित्सालय अशोकनगर में ईलाज हेतु आने वाले मरीजो की सुविधा के लिये रात्रिकालीन 01 मेडीकल शॉप खोलने, मेडीकल शॉप पर बड़े-बड़े अक्षरो में मोबाईल नम्बर प्रदर्शित होने, मेडीकल शॉप पर मरीजो के ईलाज हेतु समस्त इमरजेंसी दवाईयां उपलब्ध होने, जिला चिकित्सालय अशोकनगर में नाम वार एवं दिनांक वार खुलने वाले मेडीकल शॉप की सूची चस्पा होने के संबंध में विस्तार से चर्चा कर निर्णय लिये।

## गीता महोत्सव के जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

# 1100 छात्र-छात्राओं ने श्रीमद भागवत गीता के 15वें अध्याय का पाठ किया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

गीता जयंती के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को स्वामी विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर में किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों को 1100 छात्र छात्राओं द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक सस्वर गीता पाठ संवेद स्वर में एक साथ किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर आदित्य सिंह ने कहा कि गीता के उपदेश हमारे जीवन में नैतिकता के महत्व को समझाते है। हम सभी को मेहनत कर कर्म की ओर आगे बढते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि गीता के ज्ञान को हम अपने जीवन में आत्मसात करें। धार्मिक ग्रंथ मानव कल्याण का मार्ग प्रशस्त्र करते है। उन्होंने कहा कि गीता ऐसा धर्मग्रंथ है जिसकी शिक्षा प्रत्येक स्थल पर व्यक्ति का चरित्र निर्माण एवं मार्ग दर्शन करती है।

इस अवसर अशोकनगर विधायक हरिबाबू राय ने कहा कि गीता का सार संदेश यही है कि हम अपना पूरा जीवन शांतिप्रिय तरीके से मर्यादा के साथ जीये,हम अपने कर्तव्यों के प्रति भगवान श्रीकृष्ण के दिये गए उपदेशों पर चलकर सही काम करें। गीता का सार हमारे जीवन में नई दिशा लेकर आता है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक जजपाल सिंह ने कहा कि कर्म किये जा फल की इच्छा मत कर रे इंसान को चरिथार्थ करते हुए गीता के संदेश को अपने जीवन में उतारे। जिससे जीवन का उद्धार होगा तथा आत्मविश्वास बढेगा। हम सभी की ईश्वर के प्रति आस्था होती है। उन्होंने कहा कि ईश्वर के यहां हर सांस का हिसाब है इंसान की हर सांस तय है।इंसान के जीवन में जैसा भाव पैदा होता है उसकी शक्ति वैसी ही बन जाती है। गीता का ज्ञान एवं पवित्र ग्रंथ के उच्चारण से प्रकृति के वातावरण में सुधता मिलती है और पूरी श्रृष्ठि में बदलाव की अनुभूति होती है। कार्यक्रम में हितेन्द्र बुधौलिया द्वारा श्रीमद्भगवत गीता के संबंध में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर पंडित दिनेश विरथरे ने कार्यक्रम के प्रस्तावना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूरे भारत देश में भागवत गीता के लक्ष्य को ध्यान में रखकर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। गीता से ही समस्याओं का समाधान हो सकता है।

### चंदेरी में हुआ गीता जयंती पर सामूहिक सस्वर गीता पाठ का



शासन के निर्देशानुसार जिले में गीता जयंती के अवसर पर अंतराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन किया गया। गीता जयंती के उपलक्ष्य में राजा शिशुपाल की नगरी चंदेरी के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीईओ चंदेरी सुरभि जैन ने की। कार्यक्रम में गीता का सामूहिक सस्वर पाठ किया गया। गीता स्वाध्याय मंडल चंदेरी के सहयोजक पंडित बृजनंदन रिछारिया शास्त्री एवं स्वाध्याय के सभी सदस्य एवं गणमान्य नागरिक,स्कूली छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

### प्रदर्शनी का आयोजन किया गया

कार्यक्रम में श्रीमद्भगवत गीता पर आधारित फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का अवलोकन अतिथियों सहित उपस्थित लोगों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा श्रीमद्भगवत गीता की आरती ओम जय भगवते गीते की गई। साथ ही उपस्थित जनों को प्रसादी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, संयुक्त कलेक्टर बृजविहारी लाल श्रीवास्तव,मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान,जिला शिक्षा अधिकारी सी.एस.सिसोदिया, डीपीसी राहुल शर्मा,जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी अरूण रघुवंशी, सांसद प्रतिनिधि संजीव भारिल,जनप्रतिनिधि सहित शिक्षकगण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## संयुक्त टीम की बड़ी कार्रवाई

# बस स्टैंड क्षेत्र से हटाया अतिक्रमण 15,000 का जुर्माना वसूला गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

नगर पालिका अशोकनगर, यातायात पुलिस एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा सोमवार को बड़े पैमाने पर अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान टीम सबसे पहले न्यू बस स्टैंड पहुँची, जहाँ लंबे समय से हो रहे अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग की शिकायतें मिल रही थीं।

संयुक्त टीम ने बस स्टैंड परिसर के अंदर दुकानदारों एवं अन्य लोगों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाया। इसी दौरान यातायात पुलिस ने बस स्टैंड पर अनावश्यक रूप से खड़ी बसों के चालान बनाए। अधिकारियों ने बताया कि कई बसें निर्धारित स्थान से हटकर खड़ी रहती थीं, जिससे आवागमन बाधित होता था और यात्रियों को परेशानी झेलना पड़ती थी। बस स्टैंड के बाहर भी कई दुकानों द्वारा सड़क पर सामान रखकर अतिक्रमण किया गया था। टीम ने मौके पर ही चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 15,000 का जुर्माना वसूला। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोबारा अतिक्रमण पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कार्यवाही के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद उन्नीतन, यातायात थाना प्रभारी स्नेहा ठाकुर, देहात थाना प्रभारी भुवनेश शर्मा तथा नगर पालिका की पूरी टीम मौजूद रही। टीम ने सभी व्यापारियों और बस ऑपरेटरों को चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में अतिक्रमण करते पाए जाने पर और कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय निवासियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि बस स्टैंड क्षेत्र लंबे समय से अव्यवस्थित था, जिससे यात्रियों और राहगीरों दोनों को परेशानी होती थी। संयुक्त अभियान से क्षेत्र में व्यवस्था बहाल होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## विधायक निधि का नहीं किया उपयोग

# 3 विधायक अशोकनगर 74, चंदेरी 54 लाख व मुंगावली पर 1.73 करोड़ शेष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मध्यप्रदेश में विधायकों के लिए निर्माण कार्य कराने हेतु ढाई करोड रूपए की राशि प्रतिवर्ष प्रदान की जाती है। इस राशि को विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र में कहीं भी व्यय कर सकते हैं। जिले के 3 विधानसभा क्षेत्रों के विधायकों ने अभी तक पूरी राशि व्यय नहीं की है। तीनों विधानसभा क्षेत्रों के विधायकों के पास अभी शेष है। जिसमें सबसे कम चन्देरी विधायक पर और सबसे अधिक मुंगावली विधायक पर व्यय करने हेतु शेष बची है।

अशोकनगर विधायक हरीबाबू राय को वर्ष 2025-26 के लिए ढाई करोड़ रूपए निर्माण कार्यों में व्यय करने के लिए मिले थे जिसमें से अभी तक 1 करोड़ 75 लाख 44628 रूपए निर्माण कार्यों पर व्यय किए हैं। अभी उनके पास 74 लाख 5 हजार 372 रूपए की राशि शेष है। विधायक जहां चाहेंगें वहां यह राशि निर्माण कार्यों पर व्यय कर सकते हैं। इसी प्रकार स्वेच्छानुदान निधि के रूप में प्रत्येक विधायक को 75 लाख रूपए की राशि प्रदान की जाती है। विधायक उक्त राशि को अपनी स्वेच्छा से किसी को प्रदान करने का अधिकार रखते हैं। इस कडी में अब तक 75 लाख रूपए की राशि में से अशोकनगर विधायक 73 लाख 34 हजार 800 रूपए आवंटित कर चुके हैं अब उनके पास 1 लाख 65 हजार 200 रूपए की राशि शेष है। इसी प्रकार चन्देरी विधानसभा क्षेत्र के लिए आवंटित ढाई करोड़ रूपए की राशि विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी को व्यय की जाना थी उक्त राशि में से अब तक वह निर्माण कार्यों पर 1 करोड़ 95 लाख 26 हजार 455 रूपए व्यय कर चुके हैं अब उनके पास विधायक निधि के तौर पर 54 लाख 73 हजार 45 रूपए शेष हैं। इसी प्रकार चन्देरी विधायक को 75 लाख रूपए की स्वेच्छानुदान राशि प्राप्त हुई थी जिसमें से अब तक उनके द्वारा 67 लाख 87 हजार 500 रूपए की राशि व्यय की जा चुकी है। अभी उनके पास 7 लाख 12 हजार 500 रूपए की राशि शेष है।

इसी प्रकार मुंगावली विधानसभा क्षेत्र के लिए आवंटित ढाई करोड रूपए की राशि जो विधायक बृजेन्द्र सिंह द्वारा अपने क्षेत्र में निर्माण कार्यों पर व्यय की जाना थी उक्त राशि में से अब तक सबसे कम राशि के तौर पर 76 लाख 93 हजार 214 रूपए व्यय किए गए हैं। उनके पास अभी भी 1 करोड 73 लाख 7 हजार 861 रूपए शेष हैं। सबसे ज्यादा राशि अभी मुंगावली विधायक के पास विधायक निधि शेष बची है। मुंगावली विधायक को स्वेच्छानुदान निधि के रूप में 75 लाख रूपए की राशि आवंटित हुई थी।



### शिक्षक की सेवानिवृत्ति पर विद्यालय प्रबंधन ने भावभीनी विदाई दी

अशोकनगर। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल नारायणपुर में पदस्थ सहायक शिक्षक विज्ञान राजेश कुमार चतुर्वेदी की अधिवर्ष की आयु पूर्ण होने पर विद्यालय द्वारा सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें प्राचार्य भोलाराम शर्मा द्वारा चतुर्वेदी को फूल माला पहनाकर शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उनके द्वारा 39 वर्ष में शिक्षक रहते हुए उपलब्धियां को बताया गया। सेवानिवृत्ति समारोह में छात्र-छात्राओं के अलावा शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल नंबर 1 के प्राचार्य राकेश यादव, सुरेश शमार्, राजकुमार मिश्रा उपस्थित रहे। चतुर्वेदी के साथ उनकी धर्मपत्नी और परिजन एवं मिडिल स्कूल नारायणपुर के प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश धाकड़ मिडिल स्कूल का स्टाफ उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन गोविंद जाटव द्वारा किया गया।

# जिला चिकित्सालय में विश्व एड्स दिवस पर कार्यशाला आयोजित की गई

**अशोकनगर।** सोमवार को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय में जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनीष अनुरागी, विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अल्का त्रिवेदी एवं कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी डॉ अशोक शाक्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ भूपेंद्र शेखावत, आर एम ओ डॉ बी एल टैगोर, वरिष्ठ वकील रफीक कुरैशी,ब्लड बैंक अधिकारी डॉ संदीप जैन एवं डॉ राममोहन गुर्जर के साथ अन्य कई चिकित्सक उपस्थित रहे।




कार्यक्रम के शुभारंभ में नोडल अधिकारी द्वारा एड्स दिवस की भूमिका व महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अल्का त्रिवेदी द्वारा एचआइव्ही/एड्स में अंतर बताते हुए इनसे सुरक्षित रहने हेतु क्लिनिकल सुझावों को समझाया। जिला न्यायालय से पधारे सचिव मनीष अनुरागी द्वारा विधिक साक्षरता तथा पोक्सो एक्ट पर प्रकाश डालते हुए इनका लाभ उठाने हेतु जन सामान्य को जागरूक करने के बारे में बताया। कार्यक्रम में उच्च जोख़िम समूह, प्रशिक्षु ।छड,स्टाफ नर्स, तथा चिकित्सालय स्टाफ उपस्थित रहा साथ ही ज़िला एड्स नियंत्रण समिति से आईसीटीसी काउंसलर बृजपाल यादव एसटीआई काउंसलर संतोष भार्गव, टीआई प्रबंधक प्रमेन्द्र भार्गव,एलटी दिलीप सोनी एवम शिवम चैबे सहिद मंसूरी समेत के स्टाफ उपस्थित रहा।

# महाविद्यालय में गीता जयंती को महोत्सव के रूप में मनाया

**अशोकनगर।** पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर मे आज गीता जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में व्याख्यान एवं विद्यार्थियों से चर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्जलन से हुआ।




इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य श्रीमद भागवत गीता में निहित कर्मयोग के सिद्धान्त और उसके आधुनिक व्यावसायिक प्रबन्धन एवं छात्र जीवन में प्रासंगिकता पर प्रकाश डालना था। श्रीमद् भागवत गीता केवल धार्मिक ग्रन्थ नहीं बल्कि जीवन प्रबन्धन का शाश्वत मार्गदर्शक है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ रेनू राजेश ने श्रीमद भागवत गीता के महत्व पर प्रकाश डालते हुये कहा कि सही दिशा में किया गया कर्म ही सफलता का मार्ग बनाता है। इसलिये हम सभी को लक्ष्य पर केन्द्रित रहकर सही कर्म करने चाहिए। डॉ रेखा शर्मा एवं शिवसेवक चैधरी ने श्रीमद भागवत गीता के 18वें अध्याय के सार के बारे में बताते हुये कहा कि नेतृत्व और कर्तव्य परायणता के सिद्धान्त अत्यन्त महत्वपूर्ण है। अर्चना शर्मा ने व्यापार जगत में निस्काम कर्म के सिद्धान्त के विषय में विस्तार से समझाया। अंजली खटीक एवं डॉ राजकुमार जाट ने कहा कि श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिये गये उपदेश हर उस विद्यार्थी के लिये है जो चुनौतियों, तनाव व असमंजस का सामना करते हैं। डॉ. रीना वासुनिया एवं जितेन्द्र ओझा ने गीता ज्ञान, कर्म और भक्ति का दर्शन विषय पर वक्तव्य दिया। इस अवसर पर डॉ अजना गुप्ता ने श्रीमद् भगवत गीता के 15वे अध्याय के श्लोकों का वाचन किया। डॉ. नवीन पटवा द्वारा कर्म के सिद्धान्त एवं राजयोग विषय पर चर्चा की गई। डॉ दीक्षा भट्ट ने अपने उद्बोधन में श्रीमद भागवत गीता के श्लोकों का अध्ययन, मनन तथा उनके व्यावहारिक अनुप्रयोग के महत्व पर प्रकाश डाला। इस आयोजन का उददेश्य विद्यार्थियों में सांस्कृतिक चेतना, नेतृत्व तथा प्रतिभा को प्रोत्साहित करना था। विद्यार्थियों ने भी विभिन्न श्लोको के अर्थ संदेश तथा उनके जीवन में उपयोग पर अपने विचार प्रस्तुत किये। महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ के साथ साथ लगभग 200 विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

## गीता के 15वें अध्याय के 20 श्लोकों का वाचन किया गया

# राजपुर, पिपरई व नारायणपुर स्कूलों में किया पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले में तहसील से लेकर ग्रामीण अचंलों में चल रहे स्कूलों में 1 दिसंबर को गीता जयंती का आयोजन किया गया। जिनमें बड़ी सख्ंया में छात्र छात्राओं ने भाग लिया।






### राजपुर में गीता स्वाध्याय का आयोजन हुआ

राजपुर के शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शासन के निर्देश पर गीता जंयती समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें 10 बच्चों ने गीता स्वाध्याय के 15वें अध्याय के 20 श्लोको का वाचन किया और उनका अर्थ बताया। इसी के साथ स्टाफ में से मुनेश करैया के द्वारा मंच का संचालन किया गया और गीता का पाठ हमें क्यों करना चाहिए इसके विषय में बताया गया। इसी के साथ में पूनम उपाध्याय मैडम के द्वारा भी गीता के श्लोक का वाचन किया गया और अमर सिंह निगम के द्वारा भी गीता के श्लोक को विस्तार पूर्वक समझाया गया और संजय बिजौले के द्वारा भी कृष्ण भगवान के जीवन और गीता में लिखित श्लोक को लोगों को अर्थ सहित समझाए और उसका महत्व बताया। इसी के साथ राकेश बरुआ के द्वारा भी गीता स्वाध्याय के ऊपर चर्चा की गई। अंत में प्राचार्य, दयाराम मौर्य के द्वारा भगवान कृष्ण के जीवन के ऊपर और उनके द्वारा लिखित गीता में वर्णित गीता सार जीवन जीने की कला है को समझाया गया। इस अवसर पर स्कूल का समस्त स्टाफ बच्चे उपस्थित रहे।

### संदीपनि विघालय पिपरई मे गीता पाठ हुआ

सोमवार को मध्य प्रदेश शासन के आदेशानुसार मार्गशीर्ष शुक्ल एकादशी को सांदीपनि शा.उ.मा. विद्यालय पिपरई में वीर भारत न्यास के विश्व गीता प्रतिष्ठान के तत्वाधान में गीता महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमे गीता के 15वे अध्याय का पाठ कराया गया। प्राचार्य मंगलेश शर्मा और विश्व गीता प्रतिष्ठान के तहसील प्रतिनिधि नवीन तिवारी ने भगवान श्री कृष्ण के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलनार्चन कर कार्यकर्म का औपचारिक शुभारम्भ किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार सरस्वती, ईश और गुरु वन्दना के बाद गीता के पन्द्रह्वे अध्याय के श्लोकों का वाचन कर पुरुषोत्तम योग के महत्त्व को बताया। कार्यक्रम में राहुल जैन सुमन अटल, मोनिका जैन, राकेश भाटी, धर्मेंद्र गिरि आदि शिक्षकों ने छात्रों के समवेत स्वर पाठ में सहयोग किया।

शा.उ.मा. विद्यालय नारायणपुर में गीता दिवस पर गीता पाठ का आयोजन किया गया। सोमवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नारायणपुर में गीता दिवस के अवसर पर श्रीमद् भागवत गीता जी के 15वे अध्याय का सामुहिक पाठ किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य भोलाराम शर्मा द्वारा श्रीमद् भागवत गीता में पुरुषोत्तम योग के ऊपर प्रकाश डाला गया। विद्यालय में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं ने एवं सभी शिक्षक शिक्षकों ने सामूहिक गीतापाठ किया।

# मुनिश्री का थूवोनजी से अशोकनगर के लिए विहार, 9 दिसंबर से



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

दिगम्बर जैन दर्शन के मुनि श्री सुधासागर महाराज का 1 दिसम्बर को थूवोनजी से अशोकनगर के लिए विहार हो गया है। पहले मुनिश्री 3 पिच्छी धारी साधुओं के साथ थूवोनजी के लिए रवाना हुए थे और अब थूवोन जी से वापस आते समय वह 17 पिच्छीधारी साधुओं के साथ अशोकनगर के लिए चल रहे हैं।

मुनिश्री सुधासागर महाराज का अशोकनगर और थूवोनजी की धरा पर एतिहासिक चार्तुमास हुआ है। उनका यह चार्तुमास अब तक के संतों में सबसे बड़ा चार्तुमास है जो स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। राष्ट्रीय स्तर के आयोजनों के साथ संस्कार शिविर और जैनेश्वरी दीक्षाएं एक नया इतिहास रच गईं हैं। मुनि श्री का संघ थूवोनजी से दोपहर में अशोकनगर के लिए विहार कर गया। उनके साथ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन चल रहे हैं। सुबह 2 दिसम्बर को उनकी आहार चर्या संभावित रूप से मनोज रन्नौद के वेयर हाउस पर होगी। अशोकनगर में मुनिश्री के 1992 में हुए चार्तुमास के दौरान ऐतिहासिक त्रिकाल चैबीसी मंदिर का निर्माण किया गया था। इस मंदिर का वार्षिक उत्सव आज 2 दिसंबर को है। इस मौके पर शांतिनाथ भगवान का महामस्तिकाभिषेक के साथ वृषभ रथ यात्रा का आयोजन होगा।

### पूर्व से दो शादी कर चुका है आरोपी, पीड़िता को देता रहा शादी का झांसा

# यौनशोषण व मानसिक रूप से प्रताड़ित महिला ने एसपी से लगाई गुहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

खिलचीपुर के कुलीखेड़ा के रहने वाले मेहरबान सिंह पर लिवइन में रहने वाली पीड़िता ने लगातार शारीरिक संबंध बनाकर यौनशोषण करने, मानसिक रूप से प्रताड़ित करने, गर्भपात कराने एवं जान से मारने की धमकी जैसे आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय जाकर दिए गए आवेदन में कहा है कि आरोपी ने कई महीने पीड़िता के साथ देहशोषण किया एवं लड़का पैदा करने के लिए दबाव बनाता रहा।

बाद में पता चला की उसकी पूर्व में ही 2 शादी हो चुकी है। इस पर से बात बिगड़ना शुरू हुई और चालाकी से मेहरबान से पीड़िता को भी झांसे में ले लिया। इसके बाद शारीरिक संबंध बनाते हुए मेहरबान सिंह दांगी ने गर्भपात भी करवाया। जिस पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज करते हुए आरोपी मेहरबान पर मामला दर्ज किया गया है।



#### पहले ही मेहरबान की हो चुकी हैं दो शादियां

कुलीखेड़ा में रहने वाले एवं राजनीतिक संरक्षण का गलत फायदा उठाने वाले मेहरबान सिंह दांगी ने दो शादियां की है जिनमें से भवानीपुरा खिलचीपुर की सुंदरबाई से हुई है एवं दूसरी शादी ब्यावरा के खजुरिया की कांताबाई दांगी से हुई है। इसके बाद भी तीसरी शादी का झांसा देकर पीड़िता को कई महीने रखा और यौनशोषण किया।

#### जबरन खिलाई गर्भपात की गोलियां

पीड़िता ने आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक अमित सुरेश तोलानी को आवेदन में लिखा है कि आरोपी ने जबरन गोलियां खिलाकर मेरा गर्भपात करवाया है जिसमें 2 महीने का गर्भ गिराने की शिकायत की है। साथ ही मेरे साथ लगातार मारपीट कर मुझे जान से मारने की धमकी दी गई और पिता के घर भगा दिया गया।

#### इनका कहना है...

यह सब राजनीतिक षडयंत्र है। मैने ऐसा कुछ नहीं किया।

**मेहरबान सिंह दांगी**
**जिला उपाध्यक्ष भाजपा खिलचीपुर**

वैसे तो सभी कार्यकारिणी भंग चल रही हैं फिर भी कानून अपना काम करेगा।

**ज्ञानसिंह गुर्जर, जिलाध्यक्ष भाजपा**

### किसान परेशान, प्रशासन का नहीं इस ओर कोई ध्यान

# यूरिया खाद के साथ थमा रहे खाद व्यापारी किसानों को उत्तम पाउच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

रबी फसल सीजन के चलते किसानों को यूरिया, डीएपी उर्वरक की फसलों में आवश्यकता है जिसको लेकर किसान सोसाइटी व खाद व्यापारियों की दुकानों पर खाद लेने हेतु अपने कामकाज को छोड़कर खाद खरीदने की जुगाड़ में खाद की दुकानों पर चक्कर लगा रहे हैं। वही खाद व्यापारी किसानों का खून चूसने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

जिला कलेक्टर व कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा समस्त खाद व्यापारियों को निर्देशित किया गया है, कि खाद निर्धारित रेट पर ही किसानों को विक्रय करें ओर उत्तम का पाउच किसानों को जबरजस्ती कर न दे। बहुत समय से किसानों द्वारा शिकायत मिल रही थी कि खाद व्यापारी किसानों को निर्धारित रेट से अधिक रेट में यूरिया ,डीएपीखाद विक्रय कर रहे हैं। इस बात को लेकर जब मीडिया ने जायजा लिया तो छापीहेड़ा नाके पर स्थित खाद की दुकानों पर खाद खरीदने वाले किसानों हेमराज दांगी ,बीरम पिता मांगीलाल फीतापुरा, नारायण सिंह विश्वकर्मा निवासी ब्यावरा खुर्द ने बताया हमें खाद व्यापारी जबरदस्ती यूरिया खाद की बोरी के साथ उत्तम का पाउच1919 जिसकी प्राइस लगभग 260 है जिसे युरिया खाद के बोरी के साथ अलग से रूपया लेकर दे रहे हैं जिससे हमें एक खाद की बोरी 520 रुपए में पड़ रही है ।हम किसान 270 की खाद की बोरी उत्तम पाउच के साथ लेने को मजबूर है ओर जिला कलेक्टर के निर्देश के बावजूद भी कृषि विभाग अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं ऐसे में खाद्य व्यापारी हम किसानों का




शोषण कर रहे हैं। इस विषय में व्यापारियों से चर्चा हुई तो बताया हमें कंपनी से ही उत्तम पाऊच 1919 साथ में देते हैं इनका हम क्या करें।

#### इनका कहना है...

कलेक्टर ने टैग में प्रतिबंध लगा रखा है। यदि कोई खाद व्यापारी जबरदस्ती किसान को यूरिया की बोरी के साथ कुछ देता है तो व्यापारी पर एफआईआर की जाएगी।

**सचिन जैन, जिला कृषि अधिकारी, राजगढ़**

# नपा में 109 स्थाईकर्मियों की सेवा समाप्त, तीन दिन से जारी प्रदर्शन

### शासन द्वारा जारी पत्र के आधार पर कार्रवाई की गई

#### जिलाध्यक्ष कछवाय बोले आदेश में सफाईकर्मी का नाम नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर पालिका प्रशासन द्वारा जारी आदेश के बाद नगर पालिका में कार्यरत 43 सफाईकर्मियों सहित कुल 109 स्थाई कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दी गईं। शासन द्वारा जारी पत्र के आधार पर यह कार्रवाई की गई, जिसके बाद कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। हटाए गए सफाईकर्मी पिछले तीन दिनों से नगर पालिका कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन कर अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। आंदोलन के दौरान कर्मचारियों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र के साथ नारे लगाते हुए विरोध जताया तथा नगर पालिका परिसर में बैठकर ज्ञापन एवं आदेश की प्रति अधिकारियों को दिखाई।

सोमवार को भी सफाईकर्मियों का प्रदर्शन जारी रहा। बड़ी संख्या में कर्मचारी, पदाधिकारी एवं उनके समर्थक नपा कार्यालय पहुंचे और अपनी आवाज बुलंद की। प्रदर्शन के दौरान सफाईकर्मियों के जिलाध्यक्ष विरु कछवाय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्योति सुनेरे से चर्चा की। बैठक के दौरान सीएमओ ने स्पष्ट कहा कि नगर पालिका द्वारा किसी प्रकार की मनमानी नहीं की गई है, बल्कि मध्य प्रदेश शासन वित्त विभाग मात्रालय प्रमुख सचिव के निर्देश पर कार्यवाही हुई। प्राप्त आदेश के आधार पर ही स्थाईकर्मियों की सेवा समाप्त की गई है।

उन्होंने बताया कि नियुक्तियों और सेवा निरस्तीकरण पर उच्चस्तरीय निर्देश प्राप्त होने के बाद ही यह निर्णय लागू किया गया है। वहीं दूसरी ओर सफाईकर्मियों के जिलाध्यक्ष कछवाय एवं राष्ट्रीय महासचिव सफाईकर्मी संघ संदीप सलोने एवं कर्मचारियों ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दो दिनों के भीतर सभी हटाए गए सफाई कर्मचारियों की पुनः नियुक्ति नहीं की जाती है तो पूरे जिले में सफाई व्यवस्था ठप कर दी जाएगी। कर्मचारियों ने कहा कि यह निर्णय अन्यायपूर्ण है तथा वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों को बिना उचित विचार किए हटाया जाना मानविय एवं प्रशासनिक दोनों स्तर पर अनुचित है। इसी के चलते सोमवार को प्रदर्शन के दौरान नाराज कर्मचारियों ने सीएमओ ज्योति सुनेरे के खिलाफ नारे भी लगाए।

### अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव पर मुख्यालय सहित ब्लॉक स्तर भी हुए आयोजन

# गीता महोत्सवः बच्चों ने तन्मय होकर सुना गीता का 15वां अध्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर सोमवार को मुख्यालय के पारायण चौक परिसर में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पधारे साधु, संतों का कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा सहित अतिथियों द्वारा शॉल, श्रीफल से सम्मान किया गया।

इस दौरान उपस्थित विभिन्न स्कूलों के अनेकों बच्चों को श्रीमद् भगवत गीता के 15वें अध्याय का स-स्वर श्रवण करवाया गया। उपस्थित बच्चों ने पूरी तन्मयता के साथ भक्ति और श्रृद्धा में लीन रहते हुए इस अध्याय का श्रवण किया। कार्यक्रम के दौरान अपने उद्बोधन में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि



वेद, पुराण जैसे प्राचीन ग्रंथों का अध्ययन अनिवार्य है क्योंकि यही हमारी जड़ों और संस्कृति का आधार हैं। उन्होंने कहा कि गीता सनातन संस्कृति का महत्वपूर्ण अंग है और इसके 18 अध्यायों में ज्ञान, भक्ति, कर्म और योग का सार समाहित है। उन्होंने कहा कि "कर्म करो, फल की चिंता मत करो', गुरुजनों का सम्मान करो, यही जीवन की सबसे बड़ी शिक्षा है।

#### गीता को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित करने सौंपा ज्ञापन

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित साधु, संतों व जनप्रतिनिधियों द्वारा श्रीमद् भगवद् गीता को 'राष्ट्रीय ग्रंथ' घोषित करने के लिए ज्ञापन सौंपा गया। इसके पश्चात सभी संतों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, विद्यार्थियों व नागरिकों ने सामूहिक रूप से गीता आरती का गायन किया। कार्यक्रम के समापन पर पुष्पांजलि अर्पित की गई, जिससे पूरा वातावरण भक्ति, सम्मान और आध्यात्मिकता से भर उठा। अंत में राजगढ़ एसडीएम सुश्री निधि भारद्वाज ने उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।



#### क्लाइमेट चेंज एंड बायोडायवर्सिटी विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार

**जीरापुर।** शासकीय महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में क्लाइमेट चेंज एंड बायोडायवर्सिटी विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का ऑनलाइन आयोजन किया गया। कार्यक्रम मुख्य संरक्षक डॉ. मथुरा प्रसाद अतिरिक्त संचालक भोपाल नर्मदापुरम एवं संरक्षक डॉ.वी. बी. खरे. प्राचार्य अग्रणी महाविद्यालय (पीमसीओई) राजगढ़ तथा महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. हिमांशु चाष्टा उपस्थिति रहे। डॉ. अजीत कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर, उत्तर प्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ फोरेंसिक साइंस लखनऊ फोरेंसिक बायोलॉजी और सीरोलॉजी डिपार्टमेंट एवं डॉ. देवेंद्र सिंह पोर्टे, असिस्टेंट प्रोफेसर, रूरल टेक्नोलॉजी और सोशल डेवलपमेंट डिपार्टमेंट, गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी, बिलासपुर तथा गिरीश शिव विभागाध्यक्ष एवं सहायक प्राध्यापक, वनस्पति विज्ञान विभाग, स्व. तुकोजीराव पंवार गवर्नमेंट साइंस कॉलेज, देवास वर्चुअल रूप से जुड़े।

### आवारा कुत्तों सहित सूअरों को भी करेंगे शहर से बाहर

# आवारा कुत्तों को पकड़ने नपा ने इंदौर से बुलवाई टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नगरीय क्षेत्र के विभिन्न वार्डों, कॉलोनियों एवं रहवासी बस्तियों में आवारा कुत्तों ने आंतक मचाया हुआ है। बीते एक महीने में कई लोग डॉग बाईट्स का शिकार हो चुके हैं। झुंडों के रूप में यहां-वहां घूम रहे इन आवारा कुत्तों को पकड़ने राजगढ़ नगर पालिका ने सोमवार को इंदौर से 12 से अधिक कर्मचारियों की एक टीम बुलवाई है।

इस टीम द्वारा न केवल आवारा कुत्तों बल्कि स्वच्छता के लिहाज से सूअरों को भी पकड़ने का कार्य किया जा रहा है। सोमवार को डॉग कैचर टीम सदस्यों द्वारा उद्धभव नगर, खरला नाला सहित कई स्थानों से आवारा कुत्तों व सूअरों का पकड़ा गया है। यह टीम आगामी दिनों में भी इसी तरह आवारा कुत्तों को पकड़कर उचित स्थानों पर पहुंचाएगी।



#### शेल्टर होम भिजवाने की मांग

गौरतलब है कि करीब डेढ़ वर्ष पूर्व नगर के आवारा कुत्तों को पकड़कर ले जा रही टीम द्वारा कुत्तों को मकसूदनगढ़ के समीप छोड़ दिया गया था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी काफी वायरल हुआ था। ऐसे में नगरवासियों ने नगर पालिका के जिम्मेदारों से मांग की है कि इस बार कपड़े जा रहे कुत्तों कोएनिमल बर्थ कन्ट्रोल सेंटर या शेल्टर होम पहुंचाया जाए ताकि वहां उनकी नसबंदी और टीकाकरण भी हो सके। उल्लेखनीय है कि बीते एक माह के दौरान जिला चिकित्सालय सहित आसपास के अन्य अस्पतालों में डॉग बाईट्स के चलते कईं लोग घायल हो चुके हैं।

#### उत्कृष्ट विद्यालय के शिक्षक ओमप्रकाश सेवानिवृत्त हुए

**जीरापुर।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत ओमप्रकाश सेन की सेवानिवृत्ति पर विदाई अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। शिक्षा विभाग में तिरालिस वर्षों तक सेवारत शिक्षक की सेवानिवृत होने पर संस्था द्वारा उनका अभिनंदन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तहसीलदार आर.पी.गौड़ ने माँ सरस्वती का पूजन कर सेवानिवृत्त शिक्षक सेन का शाल श्रीफल पुष्पहार एवं साफा बांधकर सम्मान किया गया। सेन की उत्कृष्ट सेवाओं पर प्रकाश डालते हुए उनके दीर्घायु जीवन की कामना की। विद्यालय प्राचार्य हरीश गुप्ता एवं विद्यालय परिवार के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के द्वारा भी उनका पुष्पहार से सम्मान कर उनके द्वारा की गई सेवाओं की प्रशंसा कर उन्हें सम्मानपत्र भेंट किया।

### कोतवाली थाने पहुंचे विहिप, बजरंग दल पदाधिकारी

# भड़काऊ भाषण देने वाले मौलाना मदनी के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

**राजगढ़।** गत 29 नवंबर को राजधानी भोपाल में मौलाना महमूद अरशद मदनी द्वारा दिए गए भाषण को भड़काऊ, देशद्रोही एवं विभाजनकारी करार देते हुए विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं में खासा रोष व्याप्त है। इस संबंध में मौलाना मदनी पर नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की मांग करते हुए विहिप, बजरंग सदस्य सोमवार शाम कोतवाली थाने पहुंचे और सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज करने की मांग रखी। विश्व हिन्दू परिषद जिलाध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्याय ने बताया कि भड़काऊ और देशद्रोही भाषणों का हम पुरजोर विरोध करते हैं। मदनी जैसा व्यक्ति समाज और राष्ट्रीय एकता व अखंडता के लिए बहुत खतरनाक है। इस तरह की मानसिकता रखने वाले पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 152, 196 एवं 353 के तहत एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए।



इस अवसर पर जिला मंत्री मयंक जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष ममता रानोलिया, बल उपासना प्रमुख चेतराम गुर्जर, जिला प्रचार प्रमुख लखन गुर्जर, गोरक्षा प्रमुख लक्ष्मीनारायण तंवर, चंदन गुर्जर, कुलदीप गुर्जर, प्रकाश तवर, सोनू गौड़, अभिषेक पिपलोटिया सहित विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गीता जयंती पर श्री झाली आश्रम में हुआ आयोजन



**नरसिंहगढ़।** सोमवार को श्री झाली आश्रम मंदिर परिसर में गीता जयंती का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की गई। इसके बाद उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक पाठ किया गया, जिससे सम्पूर्ण वातावरण भक्ति और आध्यात्मिकता से ओत-प्रोत हो गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक प्रतिनिधि सुदीप शर्मा ने कहा कि गीता केवल एक ग्रंथ नहीं बल्कि जीवन का मार्गदर्शक है। यह मानव जीवन को सही दिशा और सकारात्मक सोच प्रदान करती है। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्षा कविता वर्मा, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार, मंदिर के पुजारी पंडित राघवेंद्र शर्मा, सीएमओ अभिषेक जैन, रमेश मालवीय, हरिओम मिश्रा,ललित शर्मा, सतेंद्र सिंह, पवन मेहता, भारत सिंह गुर्जर, कमल चैरसिया, अमृतलाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण के साथ आयोजन संपन्न हुआ।

#### इंदौर पब्लिक स्कूल से रौनक सेन का संभाग स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में चयन

**ब्यावरा।** शहर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था इंदौर पब्लिक स्कूल, ब्यावरा के कक्षा 7वीं के



छात्र रौनक सेन ने खेल क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। रौनक सेन का चयन अंडर-13 बालक वर्ग की क्रिकेट प्रतियोगिता में संभाग स्तर के लिए हुआ है। वह आगामी जनवरी माह में भोपाल में आयोजित होने जा रहे संभाग स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में राजगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। छात्र की इस सफलता पर विद्यालय संचालक हरिओम दांगी, प्राचार्य चेनसिंह जाटव, खेल शिक्षक, शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए रौनक सेन को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### विश्व एड्स दिवस पर नर्सिंग छात्राओं ने बनाई मानव श्रृंखला

# जिले में एड्स के 610 मरीज, हर साल बढ़ता ही जा रहा आंकड़ा

#### आमजनों में जागरुकता लाने स्वास्थ्य विभाग लगातार कर रहा प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्वास्थ्य विभाग के लाख प्रयासों के बावजूद जिले में एड्स पीड़ितों की संख्या में साल दर साल ईजाफा होता ही जा रहा है। बीते पांच सालों की बात करें तो औसतन हर साल एड्स के 50 नए मरीज सामने आ रहे हैं। वर्तमान स्थिति में राजगढ़ जिले में एड्स के कुल 610 चिन्हित हैं जिनका इलाज भोपाल, राजगढ़ आदि अस्पतालों में चल रहा है। सिर्फ बचाव ही रोकथाम' वाली इस बीमारी के प्रति आमजनो को जारुगक करने नर्सिंग महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा कल 01 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर मानव श्रृंखला बनाकर नगर में एक जागरुकता रैली का आयोजन किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने रैली का हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रैली जिला चिकित्सालय से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों, पुराना बस स्टैंड, सब्जी बाजार और से गुजरी। रैली के दौरान प्रतिभागी जागरूकता संबंधी नारे लगा रहे थे और हाथों में तख्तियां लिए हुए थे। मंगल भवन पहुंचकर रैली का समापन हुआ। रैली के माध्यम से लोगों को यह संदेश दिया गया कि एड्स से बचाव ही इस बीमारी का सबसे प्रभावी समाधान है।



#### छात्राओं को प्रदान किए स्टील थर्मस बॉटल

जागरूकता रैली के समापन के उपरान्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पटेल द्वारा रैली में भाग लेने वाली सभी छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए स्टील थर्मस बॉटल का वितरण कराया गया। यह पहल छात्राओं के उत्साह को बढ़ाने और उन्हें स्वास्थ्य जागरूकता जैसे सामाजिक कार्यों से जोड़ने की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया जा रहा है।

#### जागरुकता ही एड्स से बचाव का मूल मंत्र

कार्यक्रम के समापन पर सीएमएचओ डॉ. पटेल ने सभी प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि एड्स से बचाव के लिए जागरुकता ही मूल मंत्र है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को एड्स एवं एचआईवी के संबंध में सही जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सिविल सर्जन रजनीश शर्मा, एड्स कंट्रोल नोडल अधिकारी डॉ. राजीव हरिऔध, डॉ. आर.के. कठेरिया, डॉ जे.के. शाक्य, सीबीएमओ डॉ एसके मित्तल, डॉ अमित कोहली, कीर्ति सिंह, कौशल पिपलोटिया, साधना बॉथम, ज्योति मीणा आदि मौजूद थे।

**खास-खास**

| | |
|---|---|
| कुल मरीज | 610 |
| पुरुष | 380 |
| महिला | 150 |
| बच्चे | 15 |
| गर्भवति | 40 |
| अन्य | 25 |